>

Title: Need to increase the frequency trains from Jodhpur to various location in the country.

m01

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैंने पहले भी कई बार इस मुद्दे को उठाया, आज फिर इस महत्वपूर्ण मुद्दे के ऊपर बोल रहा हूं। जोधपुर से चेन्नई ट्रेन का फेरा बढ़ाना, यह ट्रेन एक हफ्ते में एक बार चलती है, इसका फेरा बढ़ाने के लिए लम्बे टाइम से मैं मांग कर रहा हूं। चेन्नई, बेंगलूरू में बहुत से लोग रहते हैं। उसका फेरा बढ़ाने के लिए मैं मांग कर रहा हूं। दूसरी ट्रेन का फेरा जोधपुर से पुणे के लिए मैं मांग कर रहा हूं। वहां पर भी बहुत से लोग रहते हैं। वहां पर प्रवासी लोग रहते हैं। वहां दो-दो, तीन-तीन महीने पहले लोगों को टिकट नहीं मिलता, इसलिए वहां ज्यादा फेरा बढ़ाने के लिए मैं मांग करता हूं। तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि पीपार रोड, जोधपुर से जयपुर इंटरसिटी के लिए पीपार रोड रुकने के लिए मैं मांग करता हूं।